हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 जून 2026



मनगटा में बर्ड वॉक कार्यक्रम का आयोजन

## मनगटा बर्ड वॉक में पक्षियों का अद्भुत बसेरा, 30 प्रजातियों के 600 पक्षी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मनगटा पार्क में आयोजित बर्ड वॉक कार्यक्रम में प्रकृति और पक्षियों के प्रति लोगों का उत्साह देखने को मिला। डोंगरगढ़, ठेलकाडीह, राजनांदगांव, भिलाई, दुर्ग और रायपुर से आए 17 प्रतिभागियों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। विशेष बात यह रही कि 14 वर्ष से कम आयु के कई बच्चों ने भी पक्षियों की पहचान और उनके बारे में जानकारी बड़े उत्साह के साथ प्राप्त की।


बर्ड वॉक के दौरान मनगटा पार्क की आर्द्रभूमि और आसपास के क्षेत्रों में लगभग 600 पक्षियों की आबादी के साथ 30 विभिन्न पक्षी प्रजातियां दर्ज की गई। आर्द्रभूमि में पेंटेड स्टॉर्क, लेसर व्हिस्लिंग डक, ग्रे हेरॉन, कॉर्मोरेंट तथा विभिन्न प्रजातियों के बगुलों के बड़े झुंड आकर्षण का केंद्र रहे। सबसे उल्लेखनीय अवलोकन आईयूसीएन की असुरक्षित श्रेणी में शामिल वूली-नेक्ड स्टॉर्क के लगभग 25 पक्षियों का रहा।

**शांत वातावरण अहम कारण:** विशेषज्ञों का मानना है कि यदि प्राकृतिक आवासों को सुरक्षित और शांत रखा जाए तो वे सैकड़ों पक्षियों और अन्य वन्यजीवों के लिए जीवनदायिनी शरणस्थली बन सकते हैं। बर्ड वॉक जैसे आयोजन लोगों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### चितल और जंगली सूअर भी शामिल

प्रतिभागियों ने पक्षियों के अलावा चितल और जंगली सूअर का भी अवलोकन किया। वन क्षेत्र में शॉर्ट-टोएड स्नेक ईगल और व्हाइट-आइड बज़ार्ड जैसे शिकारी पक्षी दिखाई दिए। वहीं व्हाइट-ब्राउड फैनटेल, इंडियन पैराडाइज फ्लाई कैचर तथा आकर्षक ब्लैक-नेप्ड मोनार्क के तीन सक्रिय घोंसले भी देखे गए, जो क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता को दर्शाते हैं।

### जैव विविधता संरक्षण पर पहल




कार्यक्रम का आयोजन राजनांदगांव वन विभाग द्वारा किया गया था। बर्ड वॉक का मार्गदर्शन पक्षी विशेषज्ञ प्रतीक ठाकुर ने किया। वहीं फोटोग्राफी अभिनंदन तिवारी ने की। उनकी टीम हाल ही में राजनांदगांव और खैरागढ़ जिलों में 296 पक्षी प्रजातियों का दस्तावेजीकरण कर चुकी है। वन विभाग और पक्षी विशेषज्ञों के सहयोग से ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को प्रकृति एवं जैव विविधता संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।



### सुरक्षित वातावरण

पर्यावरण और जैव विविधता संरक्षण की दिशा में मनगटा वन चेतना केंद्र में बर्ड वॉक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को अच्छा रिस्पांस मिला है।

- **आयुष जैन**, डीएफओ



फोटो: अभिनंदन तिवारी

---

आज से खुलेंगे स्कूल : नए सत्र से बदले कई नियम होंगे लागू, बंटेंगी किताबें

## एप से शिक्षकों की लगेगी डिजिटल हाजिरी जर्जर स्कूल भवनों में कक्षा लगाने पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

करीबन डेढ़ महीने की छुट्टी के बाद आज से पुनः स्कूलों का नया सत्र शुरु होने जा रहा है। इस नए सत्र के लिए प्रदेश सहित केंद्र सरकार ने कुछ नियमों में बदलाव भी किए है। जहां अब सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की हाजिरी के लिए विद्या समीक्षा केंद्र नाम से नया एप तैयार कर दिया गया है। वहीं बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए जर्जर भवन पर कक्षा लगाने से पूरी तरह रोक लगा दी गई है। इसके अलावा बच्चों को आज से ही गणवेश, पुस्तकें सहित साईकिल वितरण का काम भी शुरु कर दिया जाएगा।

सरकारी स्कूलों में आज से अगले एक सप्ताह तक शाला प्रवेश उत्सव भी मनाया जाएगा। इधर आज से स्कूल खूलने से पहले डीईओ ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से सफाई सहित सभी तरह की तैयारियों को पूरा करने कहा था। जिसके तहत सभी स्कूलों में तैयारियां भी पूरी कर ली गई है। बताया गया कि जिले में 25 जून तक सभी गणवेश, पुस्तक एवं साईकिल का वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### दर्ज संख्या के अनुसार बनेगी शाला प्रबंधन समिति, नेताओं की छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में अब स्कूलों में शाला विकास समिति से नेताओं की छुट्टी होने वाली है। नए आदेश के अनुसार अब स्कूलों में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा। इस संबंध में सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राजनांदगांव सहित राज्य के सभी कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भेजे गए हैं।



भारत सरकार द्वारा जारी नए नियमों के अनुसार इस समिति में विद्यार्थियों के माता-पिता या अभिभावकों के अलावा स्थानीय प्राधिकरण के प्रतिनिधि, शिक्षाविद्, विषय विशेषज्ञ, पूर्व छात्र और वंचित समूहों के लोग शामिल होंगे। शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के ठीक एक महीने के भीतर ही इस समिति का गठन करना अनिवार्य कर दिया गया है। समिति में बच्चों के माता-पिता का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा यानी पचहत्तर प्रतिशत रखा गया है और कुल सदस्यों में से आधी महिला सदस्यों का होना अनिवार्य है। इसके साथ ही सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावकों को भी उचित प्रतिनिधित्व देना होगा। विद्यालय प्रबंधन समिति का कार्यकाल दो वर्ष का निर्धारित किया गया है। कोई भी सदस्य लगातार दो कार्यकाल से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकेगा। हालांकि सदस्य-सचिव पर यह नियम लागू नहीं होगा। समिति को एक लाख रुपए तक की लागत वाले काम खुद कराने के अधिकार दिए गए हैं। इन कार्यों में स्थानीय प्रशिक्षित कामगारों को प्राथमिकता दी जाएगी। छोटे निर्माण और मरम्मत कार्य करा पाएंगे।

### गुणवत्ता पर रखेंगे नजर

समिति के कार्यों में बच्चों का नामांकन बढ़ाना, उनकी नियमित उपस्थिति देखना, ड्रॉप आउट बच्चों को फिर से मुख्यधारा में लाना और तीन वर्षीय विद्यालय विकास योजना तैयार करना शामिल है। इसके अलावा शाला अनुदान राशि से प्राथमिकताओं के आधार पर बिजली, पंखे, लाइट और शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिले में निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में विशेष मॉनिटरिंग कमेटियों का गठन किया जाएगा, जो पारदर्शिता और गुणवत्ता पर नजर रखेगी।

### सदस्य संख्या और कोरम

समिति में सदस्यों की संख्या स्कूल में बच्चों के नामांकन के आधार पर तय होगी। अधिकतम सौ बच्चों वाले स्कूलों में बारह से पंद्रह सदस्य, सौ से पांच सौ बच्चों पर पंद्रह से बीस सदस्य और पांच सौ से अधिक बच्चे होने पर बीस से पच्चीस सदस्य होंगे। स्कूल के सुचारू संचालन के लिए हर महीने कम से कम एक बैठक करना जरूरी है। बैठक में किसी भी फैसले को मंजूरी देने के लिए कम से कम पचास प्रतिशत सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

---

## दुर्ग में अवैध गुटखा फैक्ट्री पर एक्शन, नांदगांव जिले में भी फैला काला कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



दुर्ग जिले के कथरेल और अंडा में जिस गुटखा की अवैध फैक्ट्री पर एक्शन लिया गया है, उसके तार राजनांदगांव से भी जुड़ते नजर आ रहे हैं। बताया गया कि इस अवैध गुटखा की सप्लाई राजनांदगांव शहर सहित जिले में भी हो रही है। दुकानदारों तक यह प्रतिबंधित गुटखा पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में यहां भी कार्रवाई जरूरी हो गई है।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिले में पुलिस के साथ ही खाद्य विभाग की टीम ने दबिश देकर कथरेल में एक डिटर्जेंट निर्माण करने वाली जगह पर अवैध तरीके से सितार गुटखा का निर्माण होता पाया था। जिसके बाद वहां कार्रवाई भी की गई। इस मामले में 10 से अधिक लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित गुटखे की सप्लाई राजनांदगांव के व्यापारियों को भी की जा रही थी। राजनांदगांव के कई पान ठेलों में यह प्रतिबंधित गुटखा बिक रहा है। ऐसे में लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले ऐसे लोगों के राजनांदगांव में भी इनके ठिकानों पर एक्शन लेना जरूरी हो गया है।

### जिले में भी फैला नेटवर्क, सप्लाई जारी

अविभाजित राजनांदगांव जिले के करीब आधा दर्जन स्थानों पर अवैध गुटखा फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। बताया जाता है कि दुर्ग और राजनांदगांव के एक सिडिकेट ने इस अवैध कारोबार के जरिए सितार गुटखा को तैयार किया जा रहा है। गौरतलब है कि पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा अवैध गुटखा फैक्ट्रियों पर कार्रवाही नहीं किए जाने से यह नेटवर्क बढ़ता जा रहा है। शहर के भीतर में स्थित कुछ गोदामों में बड़ी संख्या में नकली गुटखा भी डंप किया जा रहा है। इसे बाजार इलाके में स्थित दुकानो से बेचा जा रहा है।

---

**खबर संक्षेप**

### 18 पौवा शराब जब्त

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत तुमडीबोड पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के आरोपी को पकड़ा। जिससे बोरी में रखे 18 पौवा शराब बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार 14 जून को चौकी तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम मचानपार मिलन दुकान के पास रेड कार्रवाई कर घेराबंदी कर आरोपी सूरज राजपूत 25 वर्ष ग्राम मचानपार के कब्जे से सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में कुल 18 पौवा देशी प्लेन शराब सुपर-36 एवं बिक्री रकम 300 रुपए कुल जुमला कीमती 1740 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्व धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## बाइक सवार को आटो ने ठोका, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में सवार होकर जा रहे दो युवकों को लापरवाही से भागती आटो चालक ने ठोकर मार दिया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोरदा निवासी योगेन्द्र कोरटिया 18 वर्ष एवं ओमप्रकाश पटेल बाइक में सवार होकर 14 जून को अंबागढ़ चौकी आए थे। वे हितागुटा जाने के लिए निकले थे, मेरेगांव पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि इस दौरान गलत दिशा से आ रहे आटो चालक द्वारा तेज गति एवं लापरवाही से वाहन को चलाते बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे बाइक में सवार उक्त दोनों युवक नीचे गिर गए और उन्हें चोंटे आई थी।

### आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज

घायलों को उपचार हेतु एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल अंबागढ़ चौकी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने योगेन्द्र कोरटिया को मृत घोषित कर दिया। वही ओमप्रकाश पटेल के सिर, हाथ व पैर में चोट आया है। जिसका उपचार किया गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## सोशल मीडिया में महिला बनकर युवकों को जाल में फंसाया, साइबर ठग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर महिलाओं के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर युवकों को फंसाने के मामले पर जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार थाना लालबाग में प्राप्त शिकायत के अनुसार प्रार्थी की पुत्री को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा लड़की की आवाज में कॉल कर उसके पिता के दुर्घटनाग्रस्त होने और गंभीर रूप से घायल होने की झूठी सूचना दी गई, जब युवती ने उक्त जानकारी को असत्य बताया तो आरोपी ने अश्लील गाली-गलौज शुरू कर दी। बाद में प्रार्थी द्वारा संपर्क करने पर आरोपी ने उन्हें भी अपशब्द कहे तथा जान से मारने की धमकी दी।शिकायत एवं उपलब्ध ऑडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर थाना लालबाग में धारा 296 एवं 351(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस के अनुसार इस मामले में साइबर थाना एवं थाना लालबाग की संयुक्त टीम गठित की गई। तकनीकी विश्लेषण एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी दीपक कुमार बघेल 22 वर्ष निवासी ग्राम विष्णुपुर, थाना ठेलकाडीह की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया।

### फर्जी आईडी बनाकर करता था संपर्क

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया पर महिलाओं के नाम से फर्जी आईडी बनाकर युवकों से संपर्क करता था। उन्हें अपने झांसे में लेकर पैसों की मांग करता था तथा मांग पूरी नहीं होने पर गाली-गलौज, धमकी और ब्लैकमेलिंग करता था। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त तकनीकी साक्ष्य प्राप्त होने पर उसे गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।




---

पुलिस की पहलः विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया कोटवारों का सम्मान

## 164 गांव में तीन सालों से अपराध नहीं, हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समाज और पुलिस के बीच विश्वास, संवाद एवं सहभागिता को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा "पहल" नामक एक अभिनव जन-केंद्रित अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, जिले के विधायकगण, महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए "पहल रीडिंग रूम" का शुभारंभ किया। यह पहल विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जो झुग्गी बस्तियों, अटल आवास कॉलोनियों एवं आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्रों में रहते हैं। कार्यक्रम में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 में अपराधमुक्त रहे 164 ग्रामों के सम्मान में पुलिस लाइन एवं संबंधित थाना परिसरों में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। राजनांदगांव पुलिस लाइन में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग की शुरूआत की जाएगी।अपराधमुक्त ग्राम सम्मेलन कार्यक्रम में जिले के कोटवारों का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईजी बालाजी राव, कलेक्टर जितेन्द्र यादव तथा एसपी अंकिता शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 111 गुड समैरिटन्स का सम्मान

कार्यक्रम में वर्ष 2025 के 111 गुड समैरिटन्स का सम्मान किया गया, जिन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के दौरान तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते अनेक लोगों का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।




### विस अध्यक्ष ने की पहल कार्यक्रम की सराहना

आयोजन को संबोधित करते विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपराध मुक्त हुए 164 गांव को लेकर पुलिस विभाग, स्थानीय सरपंच और कोटवार के कार्यों की सराहना की। उन्होंने अपने बचपन के दिन को याद करते कहा कि गांव में कोटवार की अहम भूमिका होती थी। उन्होंने कहा कि हजारों सालों में और वैदिक काल के उस दौर में कानून व्यवस्था लागू करने कोटवार की आवश्यकता होती थी। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 3 वर्षों में 164 गांव को अपराध मुक्त बनाने का यह काम सबके सहयोग से हुआ है।

### कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

जिलेभर से आए प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए प्रेरक सत्र, पुस्तक वितरण एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए। विशेष रूप से लखोली, चिखली, अटल आवास, डोंगरगढ़, सोमनी, डोंगरगांव एवं छुरिया क्षेत्र के विद्यार्थियों को इस पहल से जोड़ा गया, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। जिले में बनाए गए 1000 से अधिक यातायात मित्रों में से लगभग 500 यातायात मित्र कार्यक्रम में शामिल हुए।




NBIS
ज्ञानं परमं ध्येयम्
NEERAJ BAJPAYEE
INTERNATIONAL SCHOOL
PLAY GROUP TO CLASS XII
VILL. - BORI, RAJNANDGAON (C.G.) 9340280363, 9340874310
NEERAJ BAJPAYEE
PRODUCING DISTRICT TOPPERS FOR TWO CONSECUTIVE YEARS- CLASS XII
SWAR SANKHLA 96.80% DISTRICT TOPPER
SHIRAALA AJMANI 94.20%
VED RATHI 94.20%
7 STUDENTS MORE THAN 90%
SCHOOL TOPPER CLASS- X
NISHI BAJAJ 97.40%
HITESH CHITLANGIA 97.20%
BHAVYA PATEL 96%
23 STUDENTS MORE THAN 90%
PW - BHILAI BRANCH द्वारा NBIS - BORI में OFFLINE CLASSES
NBIS BORI
PHYSICS WALLAH
8th | 9th | 10th
FOUNDATION
11th & 12th
JEE/NEET
SCAN FOR VIRTUAL VISIT
CBSE + COMPETITIVE EXAM की तैयारी एक साथ
CLASS 11th FEE 72000/- → 40000/-
(FIRST 10 PW STUDENTS ONLY) NO ADMISSION FEE FOR PW STUDENTS
NEW SUBJECT
HUMANITIES
IN CLASS 11th
It has been a spectacular second year for humanities.
MESS FACILITY
ADMISSION OPEN SESSION 2026-27
NFS
NEERAJ FOUNDATION
KID'S PREMIUM SCHOOL
PRE-NURSERY TO CLASS I
SCAN FOR VIRTUAL VISIT
INTRODUCING CLASS- I
74899-27692, 74157-36369 | KAMLA COLLEGE ROAD, RAJNANDGAON (C.G.)
2nd Branch- NFS Pathalgaon (Jashpur), 3rd Branch- NFS Bemetara
NEERAJ PARENTS' PRIDE SCHOOL
JAI STAMBH CHOWK 62626-11862
INTRODUCING CLASS- I
SCAN FOR VIRTUAL VISIT
NPPS
BALDEO BAGH
NPPS
ज्ञानं परमं ध्येयम्
NEERAJ
PARENTS' PRIDE SCHOOL
PRE-NURSERY TO CLASS VIII
Our 2nd Phase Building -(NFS-2) is Ready with Full Amenities for Pre Primary
Baldeo Bagh 70002-17171, 74899-27693
NEERAJ PARENTS PRIDE SCHOOL
PRE-NURSERY TO CLASS I
NURSERY TO XII
ONLY 13000/-
NURSERY (LIMITED SEATS)
Only CBSE School of this area
CBSE AFFILIATION NO. - 3330254
NVM SCHOOL
NEERAJ VIDYA MANDIR
A CO- EDUCATIONAL SENIOR SECONDARY SCHOOL
SCAN FOR VIRTUAL VISIT
74470-68653, 73545-59407 | MOHAD, DONGARGAON, RAJNANDGAON
NVM KIDS SCHOOL, Near Bahubali Hardware Dongargaon City
NO ADMISSION FEE
TRANSPORTATION FEE
PLAY GROUP
14000/- ONLY
NURSERY
18000/- ONLY
Play Group to IXth & XIth Commerce
MILESTONE
PUBLIC SCHOOL
CBSE AFFILIATION NO. 3330176
SCAN FOR VIRTUAL VISIT
नि:शुल्क बस सेवा प्ले ग्रुप व नर्सरी के बच्चों हेतु
9201994767/68 | SH-5, KHAIRAGARH

## खबर संक्षेप

### घिरघोली परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने संतलाल



**सड़क अतरिया।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई छुईखदान के परिक्षेत्र घिरघोली के पदाधिकारी का पुनर्गठन गत दिनों नर्मदा सामुदायिक भवन में किया गया। गठन के लिए आयोजित बैठक में तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रांतीय उपाध्यक्ष रोहित जंघेल, जिला उपाध्यक्ष भरत लाल हरिन्द्र, जिला कोषाध्यक्ष बलकरण जंघेल, जिला संगठन मंत्री पं सूरज उपाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीराम साहू, युवराज ठाकुर, अनुज जंघेल, गजराज जंघेल एवं चुवाव प्रभारी चंद्रभूषण यदु मौजूद थे। घिरघोली परिक्षेत्र के अध्यक्ष पद पर संतलाल पटेल, उपाध्यक्ष पवन जंघेल, सचिव लाला राम जंघेल, संगठन मंत्री प्रकाश जंघेल एवं अन्य पदाधिकारी का चयन किया गया। खैरनवापारा के सरपंच प्रकाश जंघेल सहित अन्य को आजीवन सदस्य बनाया गया।

### साइकिलिंग में महिलाओं ने दिखाया प्रतिभा



**सड़क अतरिया।** खेल एवं मानव कल्याण विभाग और साइकिल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में खेलो इंडिया अस्मिता लीग साइक्लिंग का आयोजन रविवार को पैलीमेटा किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार शामिल हुए। अध्यक्षता सरपंच कुमार पाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य काशीराम पोर्ते, वीआर चनवार, प्रतीक मनोध्य, प्रकाश वर्मा, शशांक देशमुख, आर साहू, जनक साहू, बहादुर साहू, भगवती जंघेल, मुकेश कुंभकार, उगेश वर्मा, रामेश्वर यादव, राजू वर्मा, अनुज साहू, मनोज साहू आदि उपस्थित थे। स्पर्धा में 83 प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें यूथ सब जूनियर में प्रथम बिंदिया पटेल, द्वितीय सरिता पंचे, तृतीय प्रतिमा, जूनियर बालिका में प्रथम खुमेश्वरी, द्वितीय शिवानी जंघेल तथा तृतीय स्थान टिकेश्वरी पटेल ने हासिल किया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान चन्द्रेश्वरी, द्वितीय किरन तथा तृतीय स्थान रानी ने हासिल किया।

### ओवरब्रिज का अधूरा निर्माण

**डोंगरगढ़।** रेल्वे क्रासिंग को बंद करने के बाद अंडरब्रिज या ओवर ब्रिज बना कर सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है वहीं हरसिंघी, जामरी, जटकन्हार के लोगों को पिछले 3 साल से यह सुविधा नहीं मिल रही है। उक्त मार्ग पर निर्माण कंपनी ने ओवर ब्रिज का काम अधूरा छोड दिया है। रेल्वे विस्तारीकरण के बाद उक्त रेल्वे गेट घंटो बंद रहता है जिससे गांव वालो को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। नौकरी पेशा, मजदूर, छात्र- छात्राएं सहित मरीजों को लेट लतीफी के चलते परेशानी उठानी पड रही है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी जनप्रतिनिधि इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे है। वहीं रेल्वे प्रशासन अधूरे ओवर ब्रिज को पूर्ण कराने को लेकर चुप है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि अधूरे ओवरब्रिज को शीघ्र पूरा कराया जाए और जब तक निर्माण नहीं होता, तब तक रेलवे फाटक पर जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### महिलाओं ने रंगोली बनाकर जलाए 12 दीप



**डोंगरगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर मंडल भाजपा महिला मोर्चा ने कार्यक्रम का आयोजन किया। महिलाओं ने केन्द्र सरकार के सेवा, सुशासन और समर्पण को अलौकिक बताते हुए रंगोली सजाकर 12 दीप प्रज्वलित किया। महिलाओं ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष एलन साहू, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौती, जिला महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हिना जैन, अंजू त्रिपाठी, विभा हिरवानी, ममता, स्वाती पंसारी, बुंदा वर्मा, संतोषी, महेश्वरी गंजीर सहित मोर्चा की अन्य महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद थी।

### आत्मानंद स्कूल में समर कैंप का आयोजन



**डोंगरगढ़।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का सोमवार को समापन हुआ। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों से अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुलवंत सिंह कक्कड़, अशोक डे, मधुसूदन अग्रवाल तथा विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश महानंदी शामिल हुए। अतिथियों ने कला, खेल, योग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अवलोकन किया तथा उनकी प्रतिभा की सराहना की। प्राचार्य जेएस चंदेल ने समर कैंप की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## प्रशासन ने लाखों किया खर्च, सफाई में भी लापरवाही

# गायब और कबाड़ हुए शहर के चौक-चौराहों में लगे डस्टबिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सरकारी खजाने की फिजूलखर्ची और योजना बनाने वाले अधिकारियों की अदूरदर्शिता के चलते महज 6 महीनों पहले नगर को चमकाने के लिए लगाए गए 22 हजार कीमत वाले स्टील डस्टबिन अब कबाड़ में तब्दील होने लगे हैं।

नगर के विभिन्न वार्डों और चौराहों में लगे डस्टबिनों की स्थिति चौंकाने वाली और निराशाजनक है। बैहराभाठा, कोपेभाठा और दुर्ग रोड पर लगे कुछ डस्टबिन गायब हो चुके हैं। चोरों और असामाजिक तत्वों ने इन्हें अपना निशाना बना लिया है। कुछ जगहों के डस्टबिन की हालत बदत्तर हो गई है। इन महंगे डस्टबिनों पर जंग लगने लगी है जिससे उसकी क्वालिटी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। देखरेख के अभाव में असामाजिक तत्व इन कीमती डस्टबिनों को तोड़फोड़ कर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### दफ्तरों से बाहर नहीं निकलता अमला

डस्टबिनों की दुर्दशा को देखकर जनता सवाल पूछ रही है कि क्या नगर पंचायत के मुख्य अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक कभी भ्रमण करने निकलते हैं? अगर जिम्मेदार अधिकारी हफ्ते में एक बार भी सड़कों पर उतरकर मुआयना करते, तो 22 हजार कीमत वाले डस्टबिन इस तरह कबाड़ नहीं होते। अधिकतर जगहों पर लगाए गए डस्टबिन के ढक्कन को गायब कर दिए गए हैं।



### रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि डस्टबिनों की सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी है। डस्टबिन पार्षदों के स्थल चयन के बाद लगाया गया था। अगर चोरी हुई है तो दिखवाना पड़ेगा और रिपोर्ट दर्ज कराया जाएगा।

### नियमित सफाई नहीं

नियमानुसार इन डस्टबिनों को रोज खाली कर सफाई होनी चाहिए थी लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि डस्टबिनों की नियमित सफाई तो दूर उनके रख-रखाव की सुध लेने वाला भी कोई नहीं है। बहुत से स्थानों पर लगाए गए डस्टबिन से कचरा नियमित रूप से साफ नही किया जाता है जिसके कारण डस्टबिन का कचरा फैल जाता है।

### 13 लाख डूबे, अब 18 लाख भी स्वाहा

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020-21 में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 14वें वित्त आयोग की राशि से करीब 13 लाख की लागत से 191 डस्टबिन लगाए गए थे, जो डेढ़ साल के भीतर गायब हो गए। पुरानी नाकामी से सबक लेने के बजाय 15वें वित्त आयोग की राशि से रायपुर की किसी एजेंसी के माध्यम से 18.70 लाख खर्च कर डस्टबिन लगाए गए है। एक जोड़ी डस्टबिन की कीमत 22 हजार बताई गई, जो बाजार मूल्य से कई गुना अधिक है। सवाल यह है कि जब 680 रूपए कीमत वाले डस्टबिन नहीं बच पाए तो 22, हजार वाले डस्टबिनों की सुरक्षा कैसे होगी।

# भीषण गर्मी के बीच आज खुलेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

डेढ़ माह के अवकाश बाद कल मंगलवार से स्कूलों के पट खुलने के साथ बच्चों की चहल पहल बढ़ जाएगी। चिंता की बात यह है कि बच्चे करीब 39 डिग्री टेम्परेचर के बीच पांच से छह घंटे स्कूल में कैसे गुजारेंगे।

शासन के निर्देशानुसार कल 16 जून को स्कूल खुल जाएंगे। कल सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव का आयोजन कर बच्चों का स्वागत करने के साथ ड्रेस, किताब का वितरण किया जाएगा। शासन ने कल से ही पढ़ाई शुरू करने के निर्देश दिए है किन्तु शिक्षकों के सामने झुलसा देने वाली गरमी के बीच बच्चों को पांच से छह घंटे तक रोकने की बड़ी चुनौती है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों तापमान 39 डिग्री सेल्सीयस के बीच है। सुबह नौ बजे से सूरज की तपन चालू हो जाती है और दोपहर तक गर्मी चरम पर पहुंच जाती है। सुबह 11 बजे के बाद लोग घर से बाहर निकलने से परहेज करने लगते है।

### दबी जुबान से विरोध

पैरेंट्स भी इन दिनों स्कूल खोलने के पक्ष में नहीं हैं किंतु कोई भी खुलकर विरोध नहीं कर रहा है। कुछ पालकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा है कि यह फैसला बच्चों को खतरे में डाल सकता है। पालकों का कहना कि स्कूल खोलने से पहले पंखे, बिजली और पानी की व्यवस्था करना चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बच्चे लू के सर्वाधिक शिकार होते हैं। डॉक्टरों के अनुसार अभी मौसम स्कूल खोलने लायक नहीं है। घर से बाहर निकलकर बच्चों का गर्मी में सफर करते हुए स्कूल पहुंचना, स्कूलों में बिना पंखें के घंटों बैठना सुरक्षित नहीं है।

### सुविधाओं की कमी

गांवों के स्कूलों में बेसिक सुविधाओं का अभाव है। कई सरकारी स्कूलों में बिजली कनेक्शन और पंखा तक नहीं है। कुछ जगह यह सुविधा है भी तो घंटों होने वाली बिजली कटौती से उनका उपयोग कर पाना संभव नहीं है। सूरज की तपन को देखते हुए कहा जा रहा है कि भट्ठी जैसे तपते स्कूलों में बच्चे कैसे पांच से छह घंटे रहकर पढ़ाई करेंगे?

### दिखेगा बदलाव

नए शिक्षा सत्र में स्कूलों में नया बदलाव देखने मिलेगा। सुबह प्रार्थना के समय राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, दीप मंत्र, सरस्वती वंदना, गुरू मंत्र और महापुरूषों की जीवनी का वाचन होगा। मध्यान्ह भोजन के समय भोजन मंत्र का उच्चारण किया जाएगा। शाम को छुट्टी के समय राज्यगीत, गायत्री मंत्र और शांति मंत्र का गायन होगा।

## मुहर्रम में कानून व्यवस्था बनाए रखने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



जामा मस्जिद कमेटी एवं सुन्नी मुस्लिम युवा संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मुहर्रम के दौरान शोर-शराबा, डीजे, बाजा- धुमाल, हथियारों के प्रदर्शन तथा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने एवं दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस्लामी शिक्षा एवं परंपराओं के विपरीत होने वाली गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा शहर में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक कदम उठाए जाएं। जामा मस्जिद के सदर जनाब अजहर अहमद ने कहा कि, मुहर्रम त्याग, सब्र, इंसाफ और हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद करने का महीना है।

## श्रमिक को तीन माह से नहीं मिला भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत मुड़पार के आश्रित ग्राम देवादा में संचालित नल-जल योजना में कार्यरत एक श्रमिक को तीन माह से मेहनताना नहीं मिला है। श्रमिक को प्रतिमाह दो हजार के मानदेय पर रखा गया था।

पंचायत चुनाव के बाद लगातार कार्य करने के बाद उसे तीन माह का भुगतान नहीं किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत कार्यालय में सामान्य कामकाज के लिए लोगों को काफी इंतजार करना पड़ता है और उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं होता। लोगों ने श्रमिक को शीघ्र बकाया भुगतान दिलाने की मांग की है।

## बस आपरेटरों को राहत दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बस ओनर्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ की बैठक गत दिनों रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस नेता और लोधी ट्रेवल्स के संचालक विष्णु लोधी सहित विभिन्न राज्यों के बस मालिक आदि शामिल हुए। बैठक में परिवहन क्षेत्र के विकास, नई तकनीक, यात्री सुविधाओं, सड़क परिवहन की चुनौतियों एवं भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर श्री लोधी ने कहा कि यात्री बस सेवा केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को जोड़ने का महत्वपूर्ण साधन है। लोग शिक्षा, रोजगार, व्यापार, उपचार और दैनिक आवागमन के लिए बसों पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवसाय वर्तमान में अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। डीजल, टायर, स्पेयर पार्ट्स की बढ़ती कीमते, बीमा, परमिट एवं अन्य खर्चों में वृद्धि के कारण बस संचालक आर्थिक दबाव में हैं लेकिन किराए में संशोधन नहीं करने से नुकसान हो रहा है। उन्होंने कि राज्य सरकार को परिस्थितियों को समझते हुए बसों के किराए में संशोधन करना चाहिए।

■ बस आपरेटरों की बैठक में परेशानियों का चर्चा



## फेरी वाले किसानों को बेच रहे नकली खाद और दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

क्षेत्र में इन दिनों नकली खाद और नकली कीटनाशक दवाओं की बिक्री जोरों पर चल रही है। नकली खाद और कीटनाशक बेचकर किसानों को ठगा जा रहा है। जानकारी के अनुसार खडगांव क्षेत्र में फेरी लगाने वाले फर्जी दस्तावेज और आईडी कार्ड दिखाकर किसानों को फंसा कर नकली खाद, कीटनाशक बेचा जा रहा है।

■ किसानों को हो रहा नुकसान

फेरी लगाने वाले किसानों के खेतों और घरों में जाकर नकली सामानो ओरिजनल बताकर बेचा जा रहा है और फर्जी बिल बनाकर दे रहे है। वह यह भी दावा कर रहे हैं कि खेतों में पैदावार ज्यादा होगी और कीटनाशक डालने से फसलों पर कीड़े नहीं लगेंगे। किसानों द्वारा बिल में प्रिंट मोबाइल नंबर पर काल किया जाता है तो पता चलता है कि नंबर हमेशा स्वीच ऑफ आता है। कुछ समय पूर्व खडगांव व्यापारी संघ ने फेरी लगाकर सामान बेचने वालों से सावधान रहने की अपील की थी। वर्तमान में किसानों को यूरिया सहित अन्य खाद और कीटनाशक की जरूरत है जिसका फायदा उठाते हुए फेरीवाले नकली खाद, कीटनाशक बेच रहे है। व्यापारी संघ ने प्रशासन से फेरी वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## शराब दुकानों की मांग से बढ़ रही चिंता

### स्कूल, अस्पताल की मांग हुई किनारे




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्रामीण अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की कमी बनी हुई है। ऐसे समय में स्कूल, पुस्तकालय, खेल मैदान और रोजगार केंद्रों की मांग के बजाय शराब दुकानों की मांग बढ़ रही है जिससे आने वाली पीढ़ी के भविष्य पर सवाल खड़े होने लगे हैं। समाजसेवियों और शिक्षाविदों का मानना है कि गांवों का वास्तविक विकास शिक्षा से होता है। जहां अच्छे स्कूल, पुस्तकालय और खेल सुविधाएं होती हैं, वहां बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इसके विपरीत शराब की उपलब्धता का सबसे अधिक बुरा असर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ता है। लोगों की आय का बड़ा हिस्सा नशे की भेंट चढ़ जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की दुकानों के विस्तार से सामाजिक वातावरण प्रभावित होता है साथ ही घरेलू विवाद, आर्थिक संकट, अपराध और सड़क दुर्घटनाओं जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। शराब का असर बच्चों की पढ़ाई और महिलाओं की सुरक्षा पर भी पड़ता है। बुद्धिजीवियों का कहना है कि यदि किसी गांव में नया संस्थान खोलना है, तो स्कूल, कॉलेज, कौशल विकास केंद्र, खेल मैदान और स्वास्थ्य सुविधाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। शिक्षा के साधन और रोजगार के अवसर बढ़ने से नशे जैसी बुराइ पर भी स्वाभाविक रूप से अंकुश लगेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में शराब दुकान खोलने के बजाए शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने पर जोर दिया जाना चाहिए। सभी बच्चों के हाथों में किताबें हों, खेल मैदानों में प्रतिभा निखरे और युवाओं को रोजगार के अवसरों मिलने से विकसित समाज का निर्माण संभव है।

## पूरी तरह बिगड़ी सरकारी अस्पताल की व्यवस्था



**डोंगरगढ़।** विकासखंड का सरकारी अस्पताल करोडों खर्च के बाद बीमार नजर आने लगा है। इस अस्पताल में लगभग 100 गांव के लोग इलाज कराने आते है किंतु इलाज के नाम पर उन्हे केवल तकलीफ मिल रही है। मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं कागजी साबित हो रही है।करोड़ों की लागत से भवन तो बना दिया गया है किन्तु पार्किंग व्यवस्था नही होने के कारण लोग और स्टाफ मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े कर देते है जिसके कारण 108, 112 वाहन के अलावा स्ट्रेचर लाने ले जाने में परेशानी होती है। अस्पताल की विद्युत व्यवस्था खराब होने से घंटो लाईट गुल रहती है जिससे गंभीर मरीज और उनके परिजनों को परेशानी उठानी पड़ती है।

### परेशान होती रही महिला

जानकारी के अनुसार 108 में एक इमरजेंसी केस अस्पताल पहुंचा था। महिला काफी सीरियस थी। दोपहर को अस्पताल परिसर में लापरवाही पूर्वक खड़े वाहनों के कारण मुख्य गेट से स्ट्रेचर पर लिटाकर परिजनों ने अस्पताल तक लाया। इस दौरान न अस्पताल स्टाफ मौजूद था और न डॉक्टर। गंभीर महिला का एक ट्रेनिज ने इलाज किया। वर्तमान में अस्पताल केवल रिफर सेंटर बन गया है।

## ग्रामीण हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

# समाधान शिविर में 1179 ने दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचागत घुसेरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, एसडीएम एम भार्गव उपस्थित थे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने जनसामान्य की समस्याओं को सुना एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर ग्राम पंचायत धुसेरा, बकुरटोला, कोलेन्द्रा, नागतराई, बेलगांव, हरणसिंग, अछोली, करवारी, माड़ीतराई, जटकन्हार, कुसमी के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों ने मांग के 1179 आवेदन प्रस्तुत किए गए। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

### कई ग्रामीणों को मिला लाभ

शिविर में 6 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड दिया गया। आवास योजना अंतर्गत आवास पूर्ण करने वाले 5 हितग्राहियों को चाबी सौंपी गई। बिहान योजना की 5 महिलाओं को लखपति दीदी का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने एचपीवी वैक्सीन लगवाने वाली 2 बालिकाओं को प्रमाण पत्र तथा 7 को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। कृषि विभाग द्वारा 4 किसानों को मूंग बीज दिया। सेवा सहकारी समिति बेलगांव ने 12 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति कर चेक प्रदान किया। शिक्षा विभाग ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 6 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत का आत्मीय स्वागत



**डोंगरगढ़।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के प्रवास के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर चर्चा की गई। डॉ. महंत ने कहा कि जनता की आवाज को मजबूती से उठाने वाले को जननेता के रूप में जाना जाता है। किसानों, युवाओं, मजदूरों और आमजन के अधिकारों की रक्षा तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष और भूमिका के लिए कार्यकर्ताओं ने सराहना की।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### विस अध्यक्ष का अभिनंदन कर माना आभार

**राजनांदगांव।** पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में एलएलएम की कक्षाओं हेतु स्वीकृति तथा विधि की कक्षाओं में सीट बढ़ाए जाने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का अभिनंदन किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों ने उनसे मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके अविस्मरणीय सहयोग के लिए साधुवाद दिया।



नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में नवीन सत्र से एलएलएम की कक्षाएं संचालित की जाएगी। नांदगांव शिक्षा मंडल का विधि के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन का सपना साकार करने में अहम भूमिका क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की रही है। नांदगांव शिक्षा मंडल का प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष सुरेश एच. लाल के नेतृत्व में कमलेश उभरानी, नंदकुमार अग्रवाल, सुशील पसारी, किशोर बेलावाला, अशोक चौधरी, प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा तथा प्रशासक डॉ. आरएन सिंह ने उनसे मिलकर सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापन किया।

### 17 से पांच दिवसीय योग शिविर

**राजनांदगांव।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयुष योगा वेलनेस सेंटर, आयुष पॉलीक्लिनिक पानी टंकी के बाजू दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन 17 से 21 जून तक किया जा रहा है।



जिसमें योग चिकित्सक डॉ. भारती यादव द्वारा विशेष योग इस वर्ष के थीम के अनुसार वृद्धावस्था के लिए तथा अन्य वर्ग के लोगों के लिए विभिन्न रोग उच्च रक्तचाप, मधुमेह, आर्थराइटिस, मोटापा, पीसीओडी, माइग्रेन, डिप्रेशन जैसे बीमारियों के लिए योग सिखाया जाएगा। योग के साथ षट्कर्म जलनेति, कुंजल क्रिया, नेत्र प्रक्षालन एवं ध्यान सिखाया जाएगा। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतिदिन योग लाभार्थियों को प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु अंकुरित एवं रस वितरण किया जाएगा।

### यदु ने किया 12वां स्वैच्छिक रक्तदान

**राजनांदगांव।** बालाजी ब्लड बैंक राजनांदगांव द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित रक्तदान सम्मान समारोह में छात्र युवा मंच प्रदेश मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम यदु ने अपना 12वां स्वैच्छिक रक्तदान किया।



श्री यदु ने प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है। रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है। जिससे किसी गंभीर रोगी, दुर्घटना पीड़ित, गर्भवती महिला अथवा शल्य चिकित्सा से गुजर रहे मरीज का जीवन बचाया जा सकता है।

### अधिवक्ता परिषद ने सीएम से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्यों ने 14 जून को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर अधिवक्ताओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान अधिवक्ता समुदाय की सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया। राज्य में लंबे समय से अधिवक्ताओं द्वारा अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किए जाने की मांग की जा रही थी।



प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से इस संबंध में शीघ्र सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री साय ने अधिवक्ताओं की मांगों पर गंभीरता से विचार करते अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और उनकी सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े अन्य विषयों से भी अवगत कराया और सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पराशर, अनुशासन समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रभात तिवारी एवं परिषद के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुरगी में आयोजित सम्मेलन में कहा: नुकसानदायक है रासायनिक खाद

# जैविक खेती करें किसान: डॉ.रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सोमवार को कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में आयोजित जैविक कृषि कार्यशाला सह कृषक सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष का खुमरी पहनाकर भावमय स्वागत किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने कृषकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर कृषकों का सम्मान किया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश व दुनिया में इतिहास रचा है। किसानों की सुविधा के लिए उन्होंने विशेष तौर पर कार्य किया है। यूरिया मार्केट में 2220 रुपए प्रति क्विंटल महंगे कीमत पर मिल रही है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से किसानों को सब्सिडी देते 266 रुपए में यूरिया उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि जैविक कृषि की दिशा में किसान कदम बढ़ा रहे हैं। आज यूरिया, डीएपी जैसे रासायनिक उर्वरक के साथ ही कीटनाशक का बहुतायत प्रयोग किया जा रहा है। जिसके दुष्परिणाम के संबंध में कृषि वैज्ञानिकों ने जानकारी दी है, जो फसल बोते हैं, वही वापस लौटकर भोजन के माध्यम से हमारे शरीर में जाता है। ऐसे रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक नुकसानदायक होते हैं। जिससे कैंसर सहित अन्य बीमारियां बढ़ गई है।




### नहर लाइनिंग का काम शीघ्र होगा पूरा

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सुरगी-खरखरा डायवर्सन नहर लाईनिंग के तहत 19 करोड़ रुपए का कार्य प्रगति पर है। जिसका 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शिवनाथ डायवर्सन से मुख्य नहर 50 किलोमीटर एवं लघु नहर का कार्य 27 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। जिसका 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। सुरगी सौर चलित सिंचाई परियोजना 2 करोड़ 50 लाख रुपए, कृषि महाविद्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 75 लाख रुपए, हाईस्कूल 73 लाख रुपए, शौचालय उन्नयन विद्युत उप केन्द्र एवं विभिन्न छोटे-छोटे मद में कांक्रीट के कार्य तथा अन्य कार्य लगभग 1 करोड़ 92 लाख रुपए से अधिक के कार्य सुरगी ग्राम पंचायत अंतर्गत किए गए हैं।

### 550 हेक्टेयर में जैविक खेती

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक के प्रयोग से ब्लड प्रेशर एवं शुगर की बीमारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती आज की समय की आवश्यकता है और स्वस्थ रहने के लिए यह जरूरी है। उन्होंने बताया गोबर व गौमूत्र से बने जीवामृत, नीमास्त्र का उपयोग करने से किसानों को लाभ होगा। राजनांदगांव में 550 हेक्टेयर में जैविक खेती हो रही है। सभा को भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल राजपूत ने भी संबोधित किया।

### मिली 1484 करोड़ की राशि

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि खरीफ 2025 में धान बिक्री करने वाले 1 लाख 24 हजार 101 किसानों को कृषक उन्नयन योजना अंतर्गत 1484 करोड़ रुपए की राशि उनके खाते में अंतरित की गई। किसानों को 454.12 करोड़ रुपए अंतर की राशि का भुगतान किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस वर्ष खरीफ 2026 के लिए धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, लघु धान्य व कपास बोने वाले कृषकों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ कृषक प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है, जो पहले 11 हजार प्रति एकड़ था।

### कंचनबाग टंकी से 17 को सुबह नहीं होगी पेयजल की आपूर्ति

**राजनांदगांव।** शहर के लखोली क्षेत्र में सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए इंटर कनेक्शन किया जा रहा है। इंटर कनेक्शन के कारण कंचनबाग टंकी (क्षमता 13.50 लाख लीटर) से 17 जून को सुबह के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 18 जून को सुबह से पानी सप्लाई यथावत रहेगी।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि इंटर कनेक्शन के कारण कंचनबाग टंकी सप्लाई क्षेत्र कंचनबाग, शिवनाथ कालोनी, केशरनगर, जनता कालोनी, राजीव नगर ब्रम्हदेव चौक, बैगापारा, अटल आवास, शांति विजय कालोनी, राहुल नगर लखोली क्षेत्र में 17 जून की सुबह पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। दूसरे दिन 18 जून को सुबह के समय पेयजल सप्लाई यथावत होगी। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने इंटरलाकिंग काम किए जाने के कारण तकनीकी दिक्कतें आ रही है। आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नागरिकों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते सहयोग करने की अपील की है।

### टाउन हाल में 18 को स्वनिधि महोत्सव

**राजनांदगांव।** निगम द्वारा महापौर मधुसूदन यादव सहित पार्षदों की उपस्थिति में 18 जून को टॉउन हाल सभागृह में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन सुबह 11 से शाम 4 बजे तक किया गया है। महोत्सव में पीएम स्वनिधि योजना के तहत वाणिज्यिक बैंको एवं वेंडर्स की उपस्थिति में नए आवेदन ऑनलाइन कराने के साथ-साथ बैंकों में लंबित प्रकरणों की स्वीकृति एवं वितरण किया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य पथ विक्रेताओ, शहरी गरीबों एवं असंगठित श्रमिकों को वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तीकरण एवं सामाजिक सुरक्षा लाभों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत बैंकों के माध्यम से तीन स्तर में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रुपए, प्रथम ऋण अदायगी करने पर द्वितीय ऋण 25 हजार रुपए एवं द्वितीय ऋण अदायगी करने पर तृतीय ऋण राशि 50 हजार रुपए का ऋण का प्रावधान है।

# कई दिक्कतों के बीच आज खुलेंगे स्कूलों के दरवाजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शिक्षा को लेकर कई प्रयास के बावजूद भी जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अभी भी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित है। कहने को तो खेलने के लिए परिसर है। निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश और आने जाने के लिए साइकिल के अलावा दोपहर का भोजन भी दिया जा रहा है, लेकिन इसे सरकारी योजना सही मायनों में फलीभूत नहीं हो पा रही है।

शैक्षणिक सत्रारंभ प्रारंभ होने की आहट के साथ ही स्कूल परिसर की साफ सफाई, रंगाई पुताई और प्रवेशोत्सव के शानदार आयोजन की तैयारी हो रही है लेकिन सालों पहले मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना तहत जिले के स्कूलों के मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष का काम 15 फीसदी बचा हुआ है। कही मरम्मत के लिए स्कूल की दीवार टूटी हुई तो कही पूरी छत गायब है। अतिरिक्त कक्ष निर्माण का काम नींव लेबल पर आकर महीनों से अधूरा है। इस स्थिति में नौनिहालों को बिठाकर पढ़ाना स्टाफ के लिए दुष्कर काम हो गया है जबकि सभी काम सत्रारंभ शुरू होने के पहले पूरा कराने का स्पष्ट निर्देश था। बीते सत्र में भी निर्माण कार्य शुरू होने के दौरान जिले भर में कई स्कूलों के बच्चों को पढ़ाई कराने, मिडिल, हाईस्कूल, सामुदायिक भवन, पंचायत भवनों में व्यवस्था बनाई गई थी। कामबेश इस साल भी जिले के 17 स्कूलो मे पढ़ने वाले बच्चों को कही आंगनबाड़ी, कही राजीव गांधी सेवा केंद्र तो कही पीएमजनमन तहत निर्मित भवन मे ज्ञानार्जन करना पड़ेगा।




### तैयारियां पूरी

शैक्षणिक सत्रारंभ को लेकर पूरी तैयारी हो गई है। बैठक लेकर परिसर की साफ सफाई, नि:शुल्क गणवेश और पाठ्यपुस्तकों के वितरण को लेकर समय सीमा निर्धारित कर दी गई है।

**- मुकुल केपी साव,** डीईओ

### निर्माण एजेंसी से हो रही वसूली

जिले में संचालित प्रत्येक प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकंडरी स्कूल किसी ना किसी समस्या से जूझ रहा है। कही शिक्षकों की कमी है तो कही शिक्षक समय पर शाला नहीं आते। वनाचंल क्षेत्रों के स्कूलों में कई जगहों पर तो किराए में पढ़े लिखे युवकों को अपनी जगह बच्चों को काम में पढ़ाने लगा दिया गया है। शाला भवनो के अलावा नया जिला अभी भी एक शिक्षकीय और शिक्षक विहीन शाला की समस्या से जूझ रहा है। स्कूलों की मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण का काम पहले नगरीय निकायों और पंचायतों द्वारा कराए जाने की तैयारी थी लेकिन राजनीति के चलते इसमें नेताओं ने इस आदेश को बदलवा कर शाला प्रबंधन समिति को दे दिया। जिसकी आड़ में जिले के कई नेताओं ने यहां अपने लोगों को काम में लगवाया लेकिन समय पर राशि और काम करने वाले नहीं मिलने के चलते जिले में स्कूलों में मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष का ज्यादातर निर्माण अटक गया है और अब टोकपार कला, लावातरा, चंदैनी मे भवन बनाने वाले निर्माण एजेंसियों से विभाग राशि वसूली कर रहा है।

## लीज समाप्ति पर भूमि सौंपने मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के बसंतपुर वार्ड के लोगों ने सोमवार को कोढ़ीखाना भूमि बचाओ आंदोलन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक आंदोलन में शामिल हुए।

शहर के बसंतपुर वार्ड में कुष्ठ रोगी देखभाल केन्द्र के नाम से यहां भवन बनाया गया, जो लगभग दो दशक से वीरान पड़ा हुआ है। वार्ड के लोग अब इस भूमि को वार्ड के उपयोग के लिए वापस चाहते हैं। जिसको लेकर वार्ड के लोगों द्वारा शासन-प्रशासन स्तर पर पत्राचार भी किया गया, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं होता देखा वार्ड के लोग इस मामले में आंदोलन की रहा अपना रहे हैं। वार्ड के लोगों ने इस आरक्षित भूमि पर वार्ड के नागरिकों के लिए आम रास्ता लिखकर वार्ड के उपयोग के लिए पहल शुरू की है।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

वार्ड की नागरिक आरती निर्मलकर ने कहा कि इस भूमि पर सामुदायिक भवन, बच्चों के लिए खेल मैदान बनाया जाए। उन्होंने कहा कि वार्ड की इस भूमि का उपयोग वार्ड के विकास के लिए किया जाए। वार्ड के लोगों ने इस प्रदर्शन के माध्यम से चेतावनी देते कहा है कि अगर भूमि वार्ड के उपयोग के लिए वापस नहीं की गई तो इस मामले में उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व पार्षद चंपू गुप्ता, भारत साहू, ऋषि शास्त्री सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।






# बैलगाड़ी में खाद की खाली बोरियों के साथ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोसाइटियों में डीएपी खाद की कमी और बाजार में इसकी कालाबाजारी के मामले को लेकर डोंगरगांव क्षेत्र के किसानों ने अनोखा प्रदर्शन किया। जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव बैलगाड़ी लेकर जिला कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों के साथ खाद की खाली बोरियां गले में लटकाई और फांसी का फंदा हाथ में लेकर रैली निकाली। वहीं कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर खरीफ सीजन हेतु खाद उपलब्ध कराने मांग की।

मानसून सक्रिय होते ही खेती-किसानी के कार्य में तेजी आएगी, लेकिन इससे पहले ही किसानों को खाद संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। सोसाइटियों में किसानों को डीएपी एवं यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है। वहीं बाजार में खाद का भंडारण और इसकी कालाबाजारी को लेकर किसान आक्रोशित हैं। इस मुद्दे को लेकर आज जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव के नेतृत्व में किसानों ने बैलगाड़ी और ट्रैक्टर के साथ जिला कार्यालय पहुंचकर उग्र प्रदर्शन किया। अपने प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि जिले की अधिकांश सहकारी समितियों में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है। जबकि निजी व्यापारियों के पास खाद का भंडारण है। किसानों को डीएपी एवं यूरिया खाद निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक कीमत पर खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।



### ट्रैक्टर के लिए नहीं मिल रहा है डीजल

ज्ञापन सौंपने पहुंचे किसान दयालुराम वर्मा सहित अन्य किसानों ने कहा कि शासन के नए निर्देश के तहत उन्हें पेट्रोल पंप में डिब्बे पर डीजल नहीं दिया जा रहा है। पेट्रोल पंप वाले ट्रैक्टर लाने कहते हैं। ऐसे में गांव में दूर खेत में खड़े ट्रैक्टर को पेट्रोल पंप तक लाने और ले जाने में ही लगभग 5 लीटर डीजल खर्च हो जाता है। जिससे अतिरिक्त आर्थिक भार किसानों को पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि इस तरह के फरमान से किसान परेशान और हताश हो गए हैं।

### चक्कर काट रहे किसान

जिपं सदस्य महेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अक्सर किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पहले धान खरीदी में किसानों को परेशान किया गया और अब खाद की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान समितियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। जबकि बड़े व्यापारियों और उद्योगपतियों के पास खाद का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

### खेती-किसानी पर पड़ेगा गहरा असर

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने ट्रैक्टर को रस्सी से खींचते हुए अपनी पीड़ा व्यक्त की और फांसी का फंदा लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने चिंता व्यक्त करते कहा कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो खेती-किसानी पर इसका गहरा संकट खड़ा हो जाएगा और हजारों किसान प्रभावित होंगे।

### खाद की हो रही कालाबाजारी

प्रदर्शन के माध्यम से किसानों ने खाद की कालाबाजारी रोकने कलेक्टर से मांग की है। किसानों ने कहा कि खुले बाजार में व्यापारियों के पास लगभग 1350 रुपए में मिलने वाला डीएपी खाद 3000 रुपए में बेचा जा रहा है। वहीं 266 रुपए का यूरिया खाद 1000 में बिक रहा है।

## बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज व कृषि महाविद्यालय तक आवागमन होगा सुगम

# 12 करोड़ के गौरव पथ से बदलेगी शहर की तस्वीर, मिलेगी भारी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रामनगर क्षेत्र में पुरानी पिलारी नहर के किनारे नए वैकल्पिक मार्ग का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से इस मार्ग को गौरव पथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद शहरवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव कम होगा।

गौरव पथ लोहारा नाका स्थित भाजपा के नवनिर्मित भवन के पीछे से सांसद निवास होते हुए राजनांदगांव बायपास मार्ग तक जुड़ेगा। लंबे समय से स्थानीय नागरिक इस मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे थे। शहर के विस्तार और बढ़ते यातायात को देखते हुए यह सड़क भविष्य की महत्वपूर्ण जरूरत मानी जा रही है। नए मार्ग का सबसे बड़ा लाभ हाईटेक बस स्टैंड तक पहुंच में मिलेगा।

वर्तमान में बस स्टैंड तक पहुंचने के लिए अधिकांश लोग ठाकुर देव चौक मार्ग का उपयोग करते हैं, जिससे कई बार यातायात का दबाव बढ़ जाता है। गौरव पथ बनने के बाद लोगों को एक वैकल्पिक, चौड़ा और सुगम मार्ग उपलब्ध होगा। इसके अलावा बस स्टैंड के समीप निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज तक पहुंच भी आसान हो जाएगी। आने वाले वर्षों में मेडिकल कॉलेज शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में मरीज, छात्र, चिकित्सक और कर्मचारी यहां पहुंचेंगे। ऐसे में यह मार्ग क्षेत्र की प्रमुख लाइफ-लाइन साबित होगा। इसी क्षेत्र में शासकीय संत कबीर कृषि महाविद्यालय भी संचालित है, जिससे भविष्य में आवागमन और बढ़ने की संभावना है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की दूरदर्शी सोच के अनुरूप शहर की दीर्घकालीन जरूरतों को ध्यान में रखकर गौरव पथ का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। बारिश के बाद कार्य में और तेजी आने की उम्मीद है तथा दीपावली तक परियोजना पूर्ण होने की संभावना है।

### भविष्य की जरुरतों को देखते हुए तैयार हो रहा वैकल्पिक कॉरिडोर



कवर्धा शहर तेजी से विस्तार की ओर बढ़ रहा है। नए बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज और कृषि महाविद्यालय जैसे बड़े संस्थानों के एक ही क्षेत्र में विकसित होने से आने वाले समय में इस मार्ग पर यातायात का दबाव कई गुना बढ़ने की संभावना है। प्रशासन ने इसी स्थिति का पूर्वानुमान लगाते हुए समय रहते गौरव पथ के निर्माण का निर्णय लिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अभी से वैकल्पिक सड़क नेटवर्क विकसित नहीं किया गया तो भविष्य में शहर को जाम और यातायात अव्यवस्था जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। गौरव पथ न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि अगले कई वर्षों तक शहर के विकास की आधारभूत संरचना को भी मजबूती प्रदान करेगा। यह मार्ग नए बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज, कृषि महाविद्यालय और बायपास को जोड़ते हुए शहर के विकास का नया कॉरिडोर बनने जा रहा है, जिससे आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

# रजक समाज बिलासपुर संभाग ने बाबूलाल को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

गत दिनों 14 जून को छत्तीसगढ़ कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति, बिलासपुर संभाग के नवनिर्वाचित संभागीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह चकरभाठा में आयोजित भव्य सम्मेलन में समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु बाबूलाल रजक को संभागीय पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों द्वारा स्मृति चिन्ह, शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। बाबूलाल रजक ने पत्रकारिता के माध्यम से समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर जनजागरण का कार्य किया है। समाज हित में निरंतर लेखन एवं सकारात्मक खबरों के प्रकाशन के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समाज को 60 लाख रुपये की सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राशि एवं 25 डिसमिल जमीन आवंटन की घोषणा की। इस ऐतिहासिक अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मंच पर सांसद तोखन साहू, केंद्रीय मंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री, विधायक धर्मलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला , विश्राम निर्मलकर प्रदेश अध्यक्ष,संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मीकांत निर्णेजक,सहित अनेक जनप्रतिनिधि समाज के प्रबुद्ध वरिष्ठ जन उपस्थित थें। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति बिलासपुर संभाग स्वजाति बंधु अधिक संख्या में शामिल थे।

### सड़क किनारे गाड़ियों की पार्किंग करने से बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था

कवर्धा। शहर के गायत्री मंदिर के पास सड़क के दोनों ओर बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग किए जाने से ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सड़क किनारे खड़ी दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतार के कारण मार्ग संकरा हो गया है, जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार यहां जाम जैसी स्थिति भी निर्मित हो जाती है। राहगीरों एवं वाहन चालकों को जोखिम उठाकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं की गई है।

# विशाल रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह आयोजित

## शिक्षक परिवार ने रक्तदान कर प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर नई चमक रक्तदान एवं जनकल्याण समिति कबीरधाम द्वारा विंध्यवासिनी मंदिर परिसर स्थित साहू छात्रावास में विशाल रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिविर में 45 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया, वहीं कुल 50 रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, डीईओ कार्यालय के प्रमुख सतीश यदु, लक्ष्मण चंद्रवंशी, रमन ठाकुर, चंद्रकांत यादव, अजय चंद्रवंशी, संजय साहू, समिति संरक्षक जीवन कौशिक, समिति सदस्य विजय साहू, रीना शर्मा सहित कबीर वॉलेंटियर एवं स्काउट्स की टीम उपस्थित थें।

मुख्य अतिथि डॉ सियाराम साहू ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से दाता को भी स्वास्थ्य लाभ मिलता है तथा यह कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में सहायक है। उन्होंने समिति के मानव सेवा कार्यों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि सतीश यदु ने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचाने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा से जुड़ी ऐसी गतिविधियां युवाओं को प्रेरित करती हैं और वे भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सहयोग करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हेलमेट भी भेंट किए गए।

### रक्तदाता निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करते हैं

समिति जिलाध्यक्ष हरीश साहू ने सभी अतिथियों एवं रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदाता निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करते हैं और संकट की घड़ी में मरीजों के लिए संबल बनते हैं। आयोजक सदस्य विजय साहू ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में एक शिक्षक परिवार ने पति-पत्नी एवं अपनी बेटी के साथ रक्तदान कर विशेष प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। अंत में समिति पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा-सुशासन व जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय, विश्वास व विकास का प्रतीकः शिवरतन

- भाजपा की प्रेस वार्ता में गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



भाजपा जिला कबीरधाम द्वारा सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के विषय पर आयोजित इस प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता एवं भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने सुशासन, पारदर्शिता, राष्ट्रीय गौरव और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह 12 वर्ष केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, विकास और राष्ट्र निर्माण के स्वर्णिम अध्याय का प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) और आधार आधारित सत्यापन के माध्यम से 4.31 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई है। वहीं लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और 81 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते शामिल हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 57.79 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 4.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, फिट इंडिया, एक पेड़ मां के नाम, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों के माध्यम से सरकार ने जनभागीदारी को बढ़ावा देकर शासन को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है।

### केन्द्र सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को मिला लाभ

उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य कार्ड बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 4 करोड़ से अधिक पक्के मकानों का निर्माण हुआ है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से लगभग 11 करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन तथा जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से अधिक घरों तक नल से जल पहुंचाया गया है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने आर्थिक विकास के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय अस्मिता को भी नई पहचान दी है। पंचतीर्थ, जनजातीय गौरव दिवस, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, नई संसद भवन, कर्तव्य पथ और हर घर तिरंगा जैसे अभियान राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक बने हैं। जी-20 की सफल अध्यक्षता और वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा देश की मजबूत अंतर्राष्ट्रीय पहचान को दर्शाती है।

### डीयू में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 16 जून से आंमत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

हेमचंद यादव विवि दुर्ग के अध्ययनशाला (यूटीडी) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। ऑनलाइन आवेदन 16 जून से शुरू होगा।

# निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 15 मरीजों का दल रायपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन के लिए आज प्रथम दल के रूप में रायपुर स्थित अरविंदो नेत्रालय रवाना किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जून को पंडरिया जनपद पंचायत सभापति प्रतिनिधि अश्वनी यदु एवं ग्राम पंचायत दामापुर सरपंच प्रतिनिधि बहादुर खान के नेतृत्व में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में अरविंदो नेत्रालय रायपुर की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से लगभग 500 लोगों की आंखों की जांच की गई थी।

शिविर में पंडरिया की विधायक भावना बोहरा भी पहुंचीं और मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने इस प्रकार के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविरों की सराहना करते हुए भविष्य में भी समाज हित के कार्यों में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। जांच के दौरान लगभग 237 लोगों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई।

इनमें से प्रथम चरण में 15 मरीजों को ऑपरेशन के लिए रायपुर भेजा गया है। आयोजकों के अनुसार प्रत्येक सप्ताह 20 से 25 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा जाएगा, जिससे सभी जरूरतमंद मरीजों को उपचार का लाभ मिल सके। इस दौरान अश्वनी यदु, सुमन ढीमर, बहादुर खान, विश्राम यादव, जगदीश साहू, दरोगा कुम्भकार, बीएलओ उमेंद यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें।

### जन-कल्याणकारी योजनाओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

भाजपा कुण्डा मंडल के अंतर्गत शक्ति केंद्र कोलेगांव की मासिक बैठक शनिवार को बूथ क्रमांक 247, सेमरकोना में आयोजित की गई। बैठक के दौरान क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सीधा-संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी अनुभव साझा किए। ग्रामीण महिलाओं ने महतारी वंदन योजना से प्राप्त सहयोग एवं सम्मान के बारे में अपने अनुभव साझा किए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों ने पक्के आवास मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उपस्थित ग्रामीणों ने सड़कों, आवास, मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य विकास कार्यों में हुए बदलावों की सराहना करते हुए सरकार के प्रति अपना विश्वास जताया। कार्यक्रम के तहत हनुमान मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत तालाब की किनारे नीम एवं आम का पौधरोपण किया गया।

## धौराबन्द-बंशापुर से प्राणखैरा तक सड़क निर्माण का भूमिपूजन

# विधायक ने दी 3.76 करोड़ की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विधानसभा के दूरस्थ ग्रामों में वर्षों से लंबित सड़कों के निर्माण, पुल-पुलियों की स्वीकृति और आधारभूत संरचनाओं के विस्तार के लिए विधायक भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों का परिणाम आज जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सड़क निर्माण के माध्यम से गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को नया बल मिल रहा है।

इसी कड़ी में सोमवार को ग्राम प्राणखैरा में विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित ग्राम धौराबन्द-बंशापुर से प्राणखैरा तक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। 3 करोड़ 76 लाख 23 हजार रुपए की लागत से 2.312 किलोमीटर तक पुल-पुलिया सहित निर्मित होने वाले इस सड़क से धौराबन्द, आमादाह, बंशापुर एवं प्राणखैरा सहित आस-पास के सैकड़ों ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

इसके साथ ही इस सड़क निर्माण से दामापुर क्षेत्र और उससे लगे ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को जिन्हें पहले कवर्धा, बोड़ला एवं रायपुर के लिए लम्बी दूरी तय करना पड़ता था अब इस सड़क के निर्माण से उनकी दूरी कम होगी साथ ही उनके श्रम, समय व आर्थिक बचत का लाभ भी मिलेगा। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों में उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला और सभी ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विधायक भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया।

### क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा हैः भावना

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि लगभग 3 करोड़ 76 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित होने वाली यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रही है, जिसके पूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। अच्छी सड़कें केवल गांवों को जोड़ने का कार्य नहीं करतीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, व्यापार और आर्थिक उन्नति के नए अवसर भी प्रदान करती हैं। पंडरिया विधानसभा में लगातार बहुप्रतीक्षित सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों तक विकास, अधोसंरचना, सुविधा और सुगम आवागमन की पहुंच सुनिश्चित हो सके। इस सड़क के बनने से क्षेत्रवासियों को बारहमासी सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी जिससे विद्यार्थियों, किसानों, महिलाओं और मरीजों को पूर्व में हो रही आवागमन की समस्या का समाधान होगा। इसके साथ ही पूर्व में दामापुर और उससे लगे आस-पास के ग्रामीणों को कवर्धा, रायपुर और बोड़ला आने-जाने के लिए लम्बी दूरी तय करनी पड़ती थी जिससे समय व श्रम अधिक लगता था लेकिन अब इस सड़क के बनने से उनकी दूरी कम होगी और उनके श्रम व समय की बचत होगी। सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती है, आज पंडरिया विधानसभा में जनता की सुविधा और सुगम आवागमन के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिले में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**कवर्धा।** मत्स्य विभाग द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम, 1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के अंतर्गत 16 जून 2026 से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इस अवधि के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जलाशयों, नदियों तथा जल स्त्रोतों में मत्स्याखेट (मछली पकड़ने) का कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि ऐसे छोटे तालाब एवं अन्य जल स्त्रोत, जिनका संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है तथा जिनमें केज कल्चर संचालित किया जा रहा है, इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। मत्स्य विभाग ने बताया है कि बंद ऋतु का उद्देश्य मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन को संरक्षण प्रदान करना तथा मत्स्य संसाधनों की दीर्घकालिक वृद्धि सुनिश्चित करना है।

### कबीरधाम जिले में 111.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

**कवर्धा।** जिले में एक जून से आज तक 111.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 17.1 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 17.8 मिमी, बोड़ला तहसील में 18.6 मिमी, स. लोहारा तहसील में 0.0 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 0.0 मिली मीटर, कुण्डा तहसील में 6.9 मिमी, पिपरिया तहसील में 38.6 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 12.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 15 जून की स्थिति में पिछले चैबीस घंटे में जिले में 10.6 मिमी वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 1.5 मिमी, पंडरिया तहसील में 0.0 मिमी, बोड़ला तहसील में 0.0 मिलीमीटर, स.लोहारा तहसील में 0.0 मिमी, रेंगाखार तहसील में 0.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 7.0 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 2.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## निधन

### कृष्ण कुमार यादव



**कवर्धा।** भोरमदेव शक्कर कारखाना में मुख्य गन्ना विकास अधिकारी के पद पर रहे कृष्ण कुमार यादव का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। श्री यादव के भोरमदेव शक्कर कारखाना में विगत 25 वर्षों से सेवारत थे। उनके द्वारा सेवा अवधि में कारखाना में अमूल्य योगदान देते हुए कबीरधाम क्षेत्र में गन्ना विकास और उत्पादन में अहम भूमिका निभाई गई, जिसके कारण आज कबीरधाम जिला में दो सहकारी शक्कर कारखाना के साथ-साथ सैकड़ो गुड़ उद्योग संचालित है। श्री यादव के निधन से कारखाना कर्मचारियों एवं क्षेत्र के किसानो में शोक व्याप्त है। उनके दुखद निधन पर शोक प्रकट करते हुए कारखाना कर्मचारियों व अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष की तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कबीरधाम द्वारा बालोदान के सामने 3 दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

प्रदर्शनी का शुभारंभ राष्ट्रीय कृषि कर्मठ पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती अदिति कश्यप एवं शिवकुमार चंद्रवंशी के साथ भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं राजेंद्र चंद्रवंशी जिला अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके पश्चात अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान देश में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, अधोसंरचना विकास, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं गरीब वर्ग के उत्थान हेतु संचालित योजनाओं तथा भारत की वैश्विक उपलब्धियों को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय कृषि कर्मठ पुरस्कार से सम्मानित जिले की प्रगतिशील कृषक श्रीमती अदिति कश्यप एवं शिवकुमार चंद्रवंशी का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। अतिथियों ने दोनों कृषकों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य कर जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उनके अनुभव अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि तथा डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने देश के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

उन्होंने कहा कि यह छायाचित्र प्रदर्शनी आम नागरिकों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों और विकास यात्रा से अवगत कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

### विश्व पटल पर भारत की एक अलग पहचान बनीः राजेन्द्र चन्द्रवंशी



जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर एक मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को साकार करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। यह प्रदर्शनी जन-जन तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का प्रयास है, जिससे लोग विकास कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें। कोषाध्यक्ष एवं प्रदर्शनी संयोजक विक्की अग्रवाल ने बताया कि तीन दिवसीय इस छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की 12 वर्षों की विकास यात्रा को आकर्षक छायाचित्रों एवं जानकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी देश के विकास, आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, संतोष पटेल, महामंत्री नितेश अग्रवाल, मुकेश ठाकुर, जसविंदर बग्गा, अशोक चंद्रवंशी, पर्यटन वर्मा जिला उपाध्यक्ष कृष्णकुमार वैष्णव जिला उपाध्यक्ष, चंदन पटेल जिला मंत्री उतरा साहू जिला मंत्री अनीता ध्रुवे जिला मंत्री, सतविंदर पाहुजा मंडल अध्यक्ष वीर सिंह पटेल कवर्धा ग्रामीण कवर्धा सानू साहू महामंत्री कवर्धा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों की सराहना की।

### कार्रवाई : आरोपियों के पास से 29 लाख की संपत्ति बरामद

# विद्युत सामग्री गबन प्रकरण का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस चौकी दशरंगपुर, थाना पिपरिया एवं साइबर सेल कबीरधाम की संयुक्त टीम द्वारा आरडीएसएस योजना के अंतर्गत विद्युत सामग्री के गबन एवं चोरी के एक महत्वपूर्ण प्रकरण का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रकरण में लगभग 29 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद कर जप्त की गई है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार गत 14 मई 2026 को प्रार्थी शैलेन्द्र वर्मा, पिता लखनलाल वर्मा, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम टोंहड, थाना तिल्दा, जिला रायपुर छत्तीसगढ़, हाल पता वार्ड क्रमांक-08 आनंद विहार कॉलोनी (कलेक्टर कॉलोनी), कवर्धा द्वारा चौकी दशरंगपुर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई।

शिकायत में बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत ग्राम कोसमंदा में पेटी ठेकेदार तिवारी कंस्ट्रक्शन द्वारा विद्युत कार्य संपादित किया जा रहा था।

कार्य निष्पादन हेतु जारी की गई विद्युत केबल, कंडक्टर एवं अन्य सामग्री को अधिकृत प्रतिनिधि सोनु तिवारी एवं उसके सहयोगियों द्वारा आपराधिक षड़यंत्र के तहत चोरी-छिपे बाहर ले जाकर विक्रय किया जा रहा था। शिकायत पर चौकी दशरंगपुर, थाना पिपरिया में अपराध क्रमांक 166/2026, धारा 316(5), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया गया तथा प्रार्थी एवं अन्य गवाहों के कथन दर्ज किए गए।

पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 23 के अंतर्गत मेमोरेण्डम कथन लिया गया, जिसके आधार पर अन्य सहआरोपियों की संलिप्तता का भी खुलासा हुआ।




### चोरी की विद्युत सामग्री व वाहन जप्त

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने विद्युत केबल एवं कंडक्टर कुल वजन 2470 किलोग्राम अनुमानित मूल्य 6,00,000 रूपए, घटना में प्रयुक्त आईशर ट्रक क्रमांक यूपी-14 आरटी-6618 अनुमानित मूल्य 15,00,000 रूपए, महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ वाहन अनुमानित मूल्य 8,00,000 रूपए जप्त किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को सोमवार को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला कबीरधाम के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही कबीरधाम जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न की गई, जिसमें पुलिस चौकी दशरंगपुर, एवं साइबर सेल कबीरधाम की संयुक्त टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### प्रकरण में गिरफ्तार किए गए आरोपी

पुलिस चोरी के इस मामले में आरोपी सोनु तिवारी, पिता अमृतलाल तिवारी, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम बंगला सिरिया, थाना सिरिया, जिला बहराइच (उ.प्र.), दिनेश प्रताप शर्मा, पिता रामानंद शर्मा, उम्र 46 वर्ष, निवासी थाना गिलौला, जिला श्रावस्ती (उ.प्र.), अभिषेक बघेल, पिता इंद्रपाल बघेल, उम्र 24 वर्ष, निवासी मोरकीघाट, थाना रोल, जिला भिंड (म.प्र.), . ददनु तिवारी, पिता नानबच्चा तिवारी, उम्र 36 वर्ष, निवासी घरवा, थाना गिलौला, जिला श्रावस्ती (उ.प्र.) तथा. घनश्याम आजाद, पिता तेजराम आजाद, उम्र 31 वर्ष, निवासी कमौलिया, थाना बहराइच (देहात), जिला बहराइच (उ.प्र.) को गिरफ्तार किया है।

# साप्ताहिक बाजार में जेबकतरों का आतंक



■ एक सप्ताह में नगर के बाजार में दूसरी बड़ी वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नगर के साप्ताहिक बाजार में जेबकतरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार पुलिस प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर बेपरवाह नजर आ रहा है।

भीड़भाड़ वाले बाजार में एक सप्ताह के भीतर दूसरी बड़ी पॉकेटमारी की घटना सामने आने के बाद लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते सक्रिय होती और बाजार में प्रभावी निगरानी रखी जाती तो ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था। जानकारी के अनुसार पांडातराई निवासी का भी शनिवार को साप्ताहिक बाजार में खरीददारी करने पहुंचे थे।

इसी दौरान अज्ञात जेबकतरों ने भीड़ का फायदा उठाकर उनकी जेब से लगभग 5 हजार रुपए नकद, पैन कार्ड, आधार कार्ड तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज पार कर दिए। खरीदारी के दौरान जेब की जांच करने पर उन्हें घटना का पता चला। काफी तलाश के बाद भी चोरी किए गए सामान का कोई सुराग नहीं मिल पाया। हैरानी की बात यह है कि यह कोई पहली घटना नहीं है।

विगत शनिवार को गड़ई के निवासी शिक्षक सुरेश चंद्रवंशी की जेब से भी करीब 7 हजार रुपये चोरी हो गए थे। लगातार दो सप्ताह में हुई इन वारदातों ने बाजार की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। इसके बावजूद पुलिस द्वारा न तो विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई और न ही बाजार क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के कोई ठोस प्रयास दिखाई दिए।

माना जा रहा है कि पुलिस प्रशासन की इसी लचर व्यवस्था के चलते चोर, उचक्कों, जेबकतरों और आपराधिक व असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद और वे लगातार छोटी बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि पुलिस प्रशासन इन लोगों पर लगाम लगाने कोई ठोस तथा प्रभावी कार्ययोजना बनाए और उस पर पूरी गंभीरता के साथ अमल करे।

### काम चलाऊ होती है पुलिस व्यवस्था

लोगों का आरोप है कि साप्ताहिक बाजार के दिन हजारों लोगों की भीड़ जुटती है, लेकिन पुलिस की मौजूदगी नाम मात्र की रहती है। जेबकतरे खुलेआम वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं और पुलिस घटना के बाद केवल औपचारिकता निभाती नजर आती है। नागरिकों का कहना है कि बाजार में सक्रिय जेबकतरा गिरोह लंबे समय से लोगों को निशाना बना रहा है, फिर भी पुलिस की ओर से कोई प्रभावी अभियान नहीं चलाया गया।

### चुस्त करनी होगी पुलिस व्यवस्था

व्यापारियों और ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली यही रही तो बाजार आने वाले लोगों का भरोसा टूट जाएगा। लोगों ने मांग की है कि बाजार क्षेत्र में सादे कपड़ों में पुलिस जवान तैनात किए जाएं, सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई जाए तथा सक्रिय जेबकतरों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लगातार सामने आ रही पॉकेटमारी की घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस का भय समाप्त होता जा रहा है। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन इन घटनाओं को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करता है या फिर जेबकतरे इसी तरह आम लोगों की मेहनत की कमाई पर हाथ साफ करते रहेंगे।

# सड़क किनारे ग्रामीण का शव मिलने से मचा हड़कंप

■ अत्यधिक शराब सेवन से मौत की आशंका, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा से होकर गुजरने वाली रायपुर रोड स्थित महेन्द्रा शोक रूम के पास सोमवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी राहगीरों ने तत्काल कवर्धा पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है और अब आगे की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह रायपुर रोड स्थित महेन्द्रा शो रूम के पास उस समय हड़कंप दमंच गया जब लोगों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। लोगों ने इसकी जानकारी कवर्धा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर उसकी पहचान ग्राम छिरहा निवासी विश्वनाथ गेन्द्रे के रूप में की है।

बताया जाता है कि प्राथमिक जांच में मृतक के शरीर में किसी प्रकार के कोई चोट के निशान नहीं मिलने है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि ग्रामीण की मौत अत्यधिक शराब सेवन से हुई होगी।

बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया की मौत की सही वजह पोस्ट मार्टम के बाद ही सामने आएगी और उसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर बांधा व चांहटा को मिली विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक, छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों और अनुशंसा से जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बांधा एवं ग्राम पंचायत घोंघा के आश्रित ग्राम चांहटा में महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात मिली है।

सोमवार को इन जनहितकारी निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बांधा में ग्रामीणों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए 19 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत घोंघा के आश्रित ग्राम चांहटा में मंगल भवन एवं मुक्ति धाम शेड निर्माण कार्य की



सौगात मिली है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री नितेश अग्रवाल, जनपद पंचायत बोड़ला के उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि रुपलाल साहू, ग्राम पंचायत बांधा के सरपंच रामदयाल साहू, बूथ अध्यक्ष राजेश नेताम, निर्मय धुर्वे, ग्राम पंचायत घोंघा के सरपंच फुलेश मेरावी, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य स्वीकृत हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए स्वीकृत इन कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार जताया।

### सामाजिक अंकेक्षण ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों का सशक्त हथियार- डॉ. सिंगरौल

# संचालक ने मजदूरों से संवाद कर ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सामाजिक अंकेक्षण इकाई के संचालक डॉ. जीतेन्द्र कुमार सिंगरौल ने कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के टोला में महात्मा गांधी नरेगा योजना में सामाजिक अंकेक्षण के दौरान ग्रामीण मजदूरों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही पर जानकारी ली। ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित करने के लिए उनका ज्ञानवर्धन किया।

डॉ. सिंगरौल ने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण ग्रामीण मजदूरों के हाथ में एक प्रभावी और सशक्त हथियार है, जिसके द्वारा सुनिश्चित किया जा सकता है कि योजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित कार्यों में सही हुआ है अथवा नहीं।

सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया में मजदूरों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी ग्राम सभाओं को अधिक सशक्त बनाता है तथा



लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करता है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उद्देश्य केवल परिसंपत्तियों का निर्माण करना नहीं है, बल्कि ऐसी स्थायी परिसंपत्तियाँ विकसित करना है जिनका लाभ आने वाली पीढ़ियों को प्राप्त हो। डबरी निर्माण, तालाब गहरीकरण एवं अन्य जल संरक्षण संबंधी कार्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ-साथ भू-जल स्तर को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### डॉ. सिंगरौल ने ग्रामीणों से किया आह्वान

डॉ. सिंगरौल ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन से जुड़े कार्यों को गंभीरता और ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि यदि आज जल संरक्षण के कार्य प्रभावी ढंग से किए जाएंगे, तो भविष्य की पीढ़ियों को जल संकट जैसी गंभीर समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गांवों और टोलों में जाकर मजदूरों से सीधे संवाद करना इस बात का प्रमाण है कि सामाजिक अंकेक्षण केवल कागजी आंकड़ों तक सीमित प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों को उनके अधिकारों, योजनाओं की उपयोगिता तथा विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने का एक सशक्त माध्यम है। भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक के साथ सामाजिक अंकेक्षण इकाई के जिला प्रभारी दुर्गेश कुमार यादव, ब्लॉक सामाजिक अंकेक्षण प्रदाता विनोद साहू, ग्राम सामाजिक अंकेक्षक संजय चंद्रवंशी, सुलोचनी कश्यप व नीलम पटेल के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# 90 पौवा शराब के साथ दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

स. लोहारा पुलिस ने मुखबिर से सूचना प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब बिक्री के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 90 पौवा देशी शराब तथा एक मोटर सायकल जप्त की है। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स. लोहारा पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति मोटरसाइकिल में अवैध रूप से शराब का परिवहन कर विक्रय के लिए ले जा रहे हैं। सूचना पर थाना लोहारा एवं साइबर थाना कबीरधाम की संयुक्त टीम द्वारा गुप्ता क्रेशर खदान रोड ईरीमकता क्षेत्र में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के दौरान मोटर साइकिल क्रमांक सीजी-09 डी-7772 सीडी डीलक्स (काला रंग) में सवार तीन आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उनकी पहचान अमृत कोसरे पिता मुक्तावन कोसरे उम्र 34 वर्ष निवासी उड़ियाकला, भागवत सोनवानी पिता सुंदरलाल सोनवानी उम्र 19 वर्ष निवासी ढोढमानवापारा तथा राजाराम पाली पिता हरिराम पाली उम्र 26 वर्ष निवासी बचेड़ी, थाना लोहारा, जिला कबीरधाम के रूप में की गई। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से दो प्लास्टिक बोरियों में रखी कुल 90 पौवा देशी प्लेन शराब (शोले ब्रांड) बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 16.200 बल्क लीटर एवं अनुमानित कीमत 7,200 रुपये है।

साथ ही परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक 07772, कीमत लगभग 35,000 रुपये, जप्त की प्रकार कुल 42,200 रुपये मूल्य की मशरूका जप्त की गई। आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत दंडनीय पाए जाने पर थाना लोहारा में अपराध क्रमांक 71/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।